शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# अपराधों की चिंता न बेबसी के आंसुओं का असर... ये हे थाना प्रेमनगर

## ई रिक्शा चोरी होने के बाद दो सप्ताह से रोज चक्कर काट रहे बुजुर्ग को दुत्कार कर भगाया, विधायक की सिफारिश के बाद भी नहीं लिखी रिपोर्ट

ओमेंद्र सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** कानून-व्यवस्था के दावों में तो इतनी चमक है कि आंखें चौंधिया सकती हैं लेकिन उसका असल हाल देखकर 75 साल के हरिमोहन की आंखों में अंधेरा छाया हुआ है। 18 फरवरी को उनका ई रिक्शा चोरी हो गया था जो परिवार का पेट भरने का एकमात्र साधन था, तब से वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए रोज थाना प्रेमनगर के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पुलिस हर रोज उन्हें दुत्कार कर भगा देती है। शुक्रवार को वह एक विधायक के दरबार में जाकर गिड़गिड़ाए और उनसे फोन कराकर फिर थाने पहुंचे लेकिन पुलिस ने फिर भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

राजेंद्रनगर में रहने वाले हरिमोहन चावला ने बताया कि ई रिक्शा उनका बेटा चलाता था। उसी की कमाई से पूरे परिवार का पेट भरता था। 18 फरवरी को शाम करीब पांच बजे कोई उनके घर के बाहर से उसे चुरा ले गया। वह थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। शुक्रवार को थाने में आंसुओं से डबडबाई आंखें लिए खड़े हरिमोहन ने बताया कि 18 फरवरी के बाद कोई ऐसा दिन नहीं गया है, जब उन्होंने थाने का चक्कर न काटा हो। पुलिस उनसे ठीक से बात तक नहीं करती, अगले दिन आने को कहकर लौटा देती है। उन्होंने बताया कि पुलिस नहीं सुन रही है, इसलिए शुक्रवार को सुबह वह एक विधायक के पास गए थे। विधायक ने उनके सामने इंस्पेक्टर को फोन भी किया। इसके बाद वह तहरीर देने थाने आए लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट लिखने से फिर इन्कार कर दिया। बुजुर्ग हरिमोहन ने बताया कि उनके पास सीसीटीवी फुटेज भी है जिसमें चोर ई रिक्शा चुराकर ले जाते दिखाई दे रहे हैं लेकिन पुलिस कुछ सुन ही नहीं रही है।


मामले की जानकारी देते पीड़ित हरिमोहन। ● अमृत विचार

> अगर किसी की शिकायत नहीं सुनी जा रही है तो गलत है। पीड़ित लोग मुझसे मिलकर अपनी समस्या बता सकते हैं। ऐसा क्यों हो रहा है, इस बारे में इंस्पेक्टर से बात करेंगे। – **संदीप कुमार**, सीओ फर्स्ट

### आज हमला किया है, रिपोर्ट लिखाई तो मार देगा... डरकर लौट गई महिला

**पुलिस का नारी वंदे**

बरेली, अमृत विचार : थाना प्रेमनगर में शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे इलाके की एक महिला अपने पति के साथ लिखित शिकायत लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची। मोहल्ले के ही एक टेलर पर उसने मामूली विवाद के बाद कैंची से हमला कर देने का आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उसे डराकर लौटा दिया। उससे कहा कि रिपोर्ट दर्ज कराओगी तो मुकदमा चलेगा। हमेशा के लिए दुश्मनी हो जाएगी। आज उसने हमला किया है, कल वह तुम्हें मार भी सकता है। इसलिए अच्छा रहेगा कि फैसला कर लो। इसके बाद महिला डर गई। उसके पति ने भी रिपोर्ट दर्ज कराने से इन्कार कर दिया। दोनों अपनी शिकायत वापस लेकर लौट गए।

## उद्यमी पिता की हत्या के बाद बेटे की भी रेकी कर रहा है कोई रिपोर्ट लिखाने पहुंचे तो बोली- कुछ हो तो फोन कर देना

**बरेली, अमृत विचार:** प्रेमनगर पुलिस इतनी बेकाबू हो गई है कि हरिमोहन चावला जैसे गरीब ही नहीं, उद्योगपतियों को भी थानों से मायूस लौटना पड़ रहा है। प्रेमनगर इलाके में रहने वाले प्लाईवुड फैक्ट्री के मालिक डॉ. शुभम को भी शुक्रवार को थाना प्रेमनगर से रिपोर्ट दर्ज कराए बगैर लौटना पड़ा। दो साल पहले उनके पिता संजीव गर्ग की 20 किलो सोना और करोड़ों का कैश लूटकर हत्या कर दी गई थी। शुभम ने बताया कि अब कई दिन से उनकी भी रेकी की जा रही है। उन्हें शक है कि उनकी रेकी करने वाले उनके पिता के हत्यारे हो सकते हैं।

डॉ. शुभम गर्ग ने बताया कि उनके पिता संजीव गर्ग की हत्या उनके मौसेरे भाइयों ने भाड़े के हत्यारों से कराई थी। हत्या करने वाले सुपारी किलर जयपुर और हरियाणा के हैं। पिछले कुछ दिनों से उनकी भी रेकी की जा रही है। लगातार एक कार उनका पीछा कर रही है। वह कई दिन से नोटिस कर रहे हैं कि जब भी वह कहीं निकलते हैं तो कार उनके पीछे लग जाती है। शुक्रवार को वह कार का नंबर और सीसीटीवी फुटेज लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने थाना प्रेमनगर पहुंचे थे लेकिन पुलिस ने उनकी तहरीर लिए बगैर उनसे कह दिया कि कुछ हो तो वह फोन कर दें, पुलिस तुरंत पहुंच जाएगी।

### सुर्खियों में रहा था संजीव गर्ग हत्याकांड

संजीव गर्ग की हत्या काफी चर्चित रही थी। बदमाशों ने उन्हें फैक्ट्री से लौटते वक्त अगवा करने के बाद घर से सोना और करोड़ों का कैश मंगाया था और फिर रॉड से पीटकर फतेहगंज पश्चिमी इलाके में हत्या कर दी थी। हत्या के खुलासे के लिए 50 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के साथ एसपी ग्रामीण, एसपी क्राइम और सीओ को लगाया गया था।

## सिरौली : पुलिस के सामने बुजुर्ग ने घुटने टेककर की फरियाद, फिर भी नहीं सुनी


सिरौली थाने में पुलिस वालों के सामने फरियाद करता बुजुर्ग।

● **जमीन संबंधी शिकायत लेकर पहुंचा था, पुलिस वालों के पास बैठकर काफी देर गिड़गिड़ाया**

**सिरौली, अमृत विचार :** थाना सिरौली में एक बुजुर्ग फरियादी का पुलिस के सामने जमीन पर घुटने टेककर फरियाद करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। बुजुर्ग जमीन संबंधी कोई शिकायत लेकर थाने आया था। कुर्सियों पर बैठे पुलिस वालों के पास जमीन पर घुटने टेककर काफी देर मिन्नत करता रहा लेकिन किसी पुलिस वाले ने उसकी बात सुनना तो दूर, उसकी तरफ ध्यान तक नहीं दिया।

काफी देर बैठने के बाद भी पुलिस वालों ने जब उसकी ओर देखा तक नहीं तो बुजुर्द फरियादी आंखों में आंसू लिए लौट गया। बताया गया कि बुजुर्ग एक बार इससे पहले भी थाने आया था, तब भी उसकी नहीं सुनी गई।थानाध्यक्ष सिरौली राजेश कुमार ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में नहीं है। बुजुर्ग किसी बाहरी व्यक्ति से बैठकर बात कर रहा है। बता दें कि सिरौली पुलिस पर पहले भी इस तरह के तमाम आरोप लग चुके हैं।

## एक नजर

### कोरोना की जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजी एंटीजन जांच किट

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में कोविड की दस्तक के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सीएमओ डॉ विश्राम सिंह ने बुखार, जुकाम के साथ सांस संबंधी जटिल बीमारियों से ग्रसित मरीजों की कोरोना जांच के आदेश दिए हैं। शुक्रवार को मरीजों की जांच के लिए जिले की सभी सीएचसी और पीएचसी पर एंटीजन जांच किट भेज दी गईं। तीन दिन पहले शहर निवासी युवक में कोरोना संक्रमण की पुष्टि के बाद जिला अस्पताल स्थित कोरोना जांच लैब में तीन मरीजों की जांच की गई। हालांकि किसी भी मरीज में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई।

### अस्पताल में गर्भवती की मौत, परिजनों का हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** कर्मचारी नगर क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती गर्भवती की इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। जागृति नगर निवासी मुमताज नौ माह की गर्भवती थीं। घर में प्रसव पीड़ा होने पर शुक्रवार सुबह परिजनों ने उन्हें कर्मचारी नगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में डाक्टर ने आपरेशन की बात कही। आपरेशन के दौरान मुमताज की हालत बिगड़ गई। अधिक खून बहने से उनकी मौत हो गई। इस पर घरवालों ने हंगामा किया और अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया।

### इतनी भीड़, कोच से यात्री नहीं निकल पाए तो जीआरपी को बुलाया



**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेनों में भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। इस वजह से स्लीपर कोच की हालत जनरल जैसी हो गई है। शुक्रवार दोपहर ऐसा ही नजारा अवध असम एक्सप्रेस में देखने को मिला। ट्रेन के स्लीपर कोच में भीड़ के चलते अंदर पूरा रास्ता ब्लाक हो गया। इसपर यात्रियों ने रेल अधिकारियों से शिकायत की। 15910 अवध असम एक्सप्रेस के कोच एस-2 की बर्थ 76 पर सफर कर रहे रफीक नाम के यात्री ने रेल अधिकारियों को एक्स पर शिकायत कर बताया कि वह दिल्ली से बरेली तक सफर कर रहे हैं। गेट तक पहुंचने का रास्ता ब्लाक कर रखा है। कोच के अंदर अनारक्षित टिकट पर सफर करने वाले बैठे हैं। ऐसी स्थिति में वह जंक्शन के प्लेटफार्म पर कैसे उतरेंगे। शिकायत के बाद कंट्रोल से मेसेज जारी किया गया। जंक्शन आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मौके पर टीम को भेजा गया और यात्री को नीचे उतरवाया।

# ओवरलोड ट्रक बगल से गुजर रही कार पर पलटा, बैंक मैनेजर की मौत

## बिलवा पुल के पास हादसा, ड्यूटी के बाद रामपुर से लौट रहे थे घर

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

● **हादसे के बाद लगे भीषण जाम को रात तक खुलवाने की कोशिश करती रही पुलिस**

● **इज्जतनगर की डिफेंस कॉलोनी में रहते थे हेमंत राणा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई कार**

**अमृत विचार :** रामपुर की ओर से आ रहा ओवरलोड ट्रक बिलवा पुल के पास अचानक बेकाबू होकर बगल से गुजर रही कार पर पलट गया। इस हादसे में कार चकनाचूर हो गई। उसमें बैठे पंजाब एंड सिंध बैंक के शाखा प्रबंधक को गंभीर हालत में निकालकर भोजीपुरा के निजी मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक जाम लगा रहा।

पुलिस के मुताबिक इस हादसे में मारे गए हेमंत सिंह राणा रामपुर के बोहत कस्बे की पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा में मैनेजर के पद पर तैनात थे। ड्यूटी खत्म होने के बाद शुक्रवार शाम वह कार से इज्जतनगर की डिफेंस कॉलोनी में स्थित अपने घर लौट रहे थे। बिलवा पुल के पास उन्होंने जौ की बोरियों से ओवरलोड ट्रक को ओवरटेक किया। कार ट्रक को पार कर आगे निकल पाती, इससे पहले ही सड़क पर लहराता हुआ ओवरलोड ट्रक कार के ऊपर ही पलट गया।

सड़क चलते लोगों की सूचना पहुंची भोजीपुरा पुलिस ने लोगों की मदद से आननफानन में कार के ऊपर से बोरियों के ढेर को हटवाया, फिर क्रेन बुलाकर ट्रक को भी हटाया और बुरी तरह घायल हो चुके हेमंत सिंह राणा को कार की खिड़की काटकर निकालने के बाद तुरंत राममूर्ति मेडिकल कॉलेज भोजीपुरा भिजवाया लेकिन कुछ ही देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना की सूचना पर हेमंत के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

हादसे के बाद रोड पर काफी दूर तक बोरियां जा गिरीं जिसकी वजह से रामपुर- बरेली रोड पूरी तरह ब्लॉक हो गया और भीषण जाम लग गया। देर शाम खबर लिखे जाने तक सड़क पर किलोमीटरों तक वाहनों की कतारें लगी हुई थीं। सड़क पर पड़ी बोरियां हटवाकर पुलिस जाम खुलवाने का प्रयास करती रही।


घटनास्थल पर बैंक मैनेजर की बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

> भोजीपुरा इलाके में बिलवा पुल के पास कार के ऊपर ट्रक पलट जाने से कार में बैठे बैंक मैनेजर की दुखद मृत्यु हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को कब्जे में ले लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। – **नितिन कुमार**, सीओ हाईवे

## रिफाकत समेत चार स्मैक तस्करों पर लगा गैंगस्टर

**बरेली/ फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने बरेली, उत्तराखंड, राजस्थान समेत झारखंड तक स्मैक की सप्लाई करने वाले चार तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। जिनमें से एक आरोपी जेल में है। जबकि तीन फरार हैं। थाना प्रभारी धनजंय पांडे ने बताया कि मोहल्ला वार्ड नंबर 12 निवासी रिफाकत, ताहिर उर्फ भूरा, मोहम्मद आसिफ, सीबीगंज के गांव सरनिया निवासी राजा के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। जिसमें स्मैक तस्कर राजा जेल में है। रिफाकत, ताहिर और आसिफ फरार हैं। शुक्रवार को पुलिस की टीमों ने दबिश दी, मगर वे हाथ नहीं आए। स्मैक तस्करी के दम पर चारों ने करोड़ों की संपत्ति बनाई है। सभी के खिलाफ अलग-अलग थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गैंग लीडर रिफाकत है। स्मैक तस्कर राजा रिफाकत का रिश्तेदार है।

**सभी तस्करों की संपत्ति होगी जब्त:** सभी आरोपियों ने स्मैक तस्करी कर के करोड़ो की संपत्ति अर्जित की है। इन सभी की संपत्तियों को पुलिस चिह्नित कर रही है। सभी की संपत्ति जब्त की जाएगी।

> चारों स्मैक तस्करों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। सभी आरोपियों की संपत्ति चिह्नित की जा रही है। – **मुकेश चन्द मिश्रा,** एसपी देहात उत्तरी

## निदा-फरहत को चोटी काटने की धमकी देने वाला मोइन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अदालत से जारी हुआ था गैरजमानती वारंट**

**अमृत विचार :** आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में कोर्ट में पेश न होने पर आरोपी मोइन सिद्दीकी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो गया। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि पुराना शहर निवासी मोइन सिद्दीकी के खिलाफ 2019 में आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में वह न्यायालय में पेश नहीं हुआ। इस कारण उसके खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। मोईन सिद्दीकी उस समय चर्चा में आया था, जब उसने तीन तलाक पीड़िताओं की मदद करने पर निदा खान और फरहत नकवी को चोटी काटने की धमकी दी थी।

## तीन स्थानों से दूध और पनीर के नमूने लिए

**बरेली, अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीमों ने शुक्रवार को तीन स्थानों से पनीर और दूध के नमूने लिए। बंसल सेल्स कुदेशिया बिल्डिंग से पनीर, महेश दूध विक्रेता आलमपुर जाफराबाद से दूध, अभिषेक स्वीट्स छोटी बिहार से पनीर का नमूना लिया। एफएसडीए के सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, होली से पहले मिलावटखोरी रोकने के लिए अभियान तेज हो गया है।

# रिश्वतखोरी : रोडवेज के आरएम की गिरफ्तारी के लिए अनुमति मांगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथों पैसे लेते हुए दबोचा था बाबू को**

● **विवेचना में आरएम की साठगांठ की पुष्टि, शासन को भेजी रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** निजी बस मालिक से एग्रीमेंट के रिन्युवल के लिए 10 हजार रुपये लेते हुए रोडवेज के बाबू को रंगे हाथों गिरफ्तार करने वाली एंटी करप्शन की टीम की जांच में आरएम दीपक चौधरी भी फंस गए हैं। उन्हीं की साठगांठ से रिश्वत लिए जाने की पुष्टि होने के बाद अब शासन से उनकी गिरफ्तारी की अनुमति मांगी गई है।

आरएम कार्यालय के बाबू जगमोहन यादव को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने 25 मई 2023 को एक निजी बस मालिक से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। थाना सुभाषनगर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद 26 मई को उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। बाद में उसे निलंबित भी कर दिया गया। जगमोहन ने बस मालिक से यह पैसा बस के एग्रीमेंट का रिन्युवल कराने के लिए मांगा था। इस मामले की विवेचना के दौरान अब पुष्टि हुई है कि बाबू जगमोहन यादव ने आरएम दीपक चौधरी की साठगांठ से ही रिश्वत ली थी। एंटी करप्शन के अधिकारियों के मुताबिक जांच में पाया गया कि जगमोहन बस मालिक से रिश्वत लेने से पहले आरएम के कार्यालय में गए थे और उनसे फाइल पास कराकर लौटे थे। इसके बाद उन्होंने बस मालिक को फाइल दिखाकर रुपये लिए। इससे साफ जाहिर है कि रिश्वत आरएम की सहमति से ही ली गई थी। आरएम के इस रिश्वतखोरी में शामिल होने के कुछ और प्रमाण मिले हैं। इसके बाद शासन को रिपोर्ट भेजकर आरएम की गिरफ्तारी की अनुमति मांगी गई है।

### सहायक जिला उद्योग प्रबंधक की जमानत अर्जी निरस्त

विधि संवाददाता, बरेली : स्वरोजगार योजना लोन पर सब्सिडी दिलाने के एवज में युवती से पांच हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक राजेंद्रनगर निवासी कौशल श्रीवास्तव की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील मनोज वाजपेयी ने बताया कि शिकायतकर्ता रितु सक्सेना ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकायत की थी कि स्वरोजगार योजना के तहत बुटिक के लिए उनका पांच लाख रुपये का लोन मंजूर हुआ था। लोन पर सब्सिडी दिलाने के लिए सहायक प्रबंधक कौशल श्रीवास्तव ने पांच हजार रुपये मांगे थे। एंटी करप्शन की ट्रैप टीम ने उसे रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। शासकीय अधिवक्ता ने छह गवाह पेश किए।

## अज्ञात लोगों पर महंत कमल नयन दास की हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महंत कमल नयन दास की मौत के मामले में कोर्ट के आदेश पर किला पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महंत के चले तुलसी मठ निवासी दिनेश्वर दास ने मामले में सीजेएम कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। उन्होंने कुछ लोगों पर साजिश के तहत जहर देकर महंत की हत्या करने का आरोप लगाया था। उनका कहना है कि आरोपी मठ की संपत्ति को खुर्द-बुर्द कर रहे हैं। मामले में कोर्ट ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वह खुद प्रकरण की जांच कर रहे हैं।

## रामपुर गार्डन के व्यापारी ने दोस्त के 15 लाख हड़पे, सात पर रिपोर्ट

● **कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई एक ही परिवार के सदस्य हैं चार आरोपी**

**बरेली,अमृत विचार :** रामपुर गार्डन में रहने वाले व्यापारी ने रिफाइनरी में निवेश कराने के नाम पर दोस्त से 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पिता- पुत्र समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी की सुपरसिटी कॉलोनी में रहने वाले अमित कुमार सिंह ने बताया कि रामपुर गार्डन में रहने वाले अजय अग्रवाल से उनके घरेलू संबंध थे। अजय ने बताया कि उनकी मथुरा में रिफाइनरी है। निवेश करने पर लाभ होगा। भरोसा कर 15 लाख रुपये 2018 में निवेश कर दिए। उस वक्त अजय ने उन्हें सिक्योरिटी की बात कहते हुए ब्लैंक चेक ले लिए। धनराशि नहीं मिली तो अजय से रुपये मांगे और चेक वापस करने को कहा तो वह टालमटोल करने लगा। दबाव बनाने पर आरोपी ने तथ्य छिपाकर कोतवाली में पीड़ित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस की जांच में भेद खुला तो आरोपी धमकाने लगा। आरोप है कि तीन फरवरी को अजय ने तीन साथियों के साथ कचहरी में घेर लिया और तमंचे के बल पर धमकाने लगा। मामले की शिकायत कोतवाली में की। तब अजय की पत्नी सपना, बेटे तुषार और सिद्धांत ने कूटरचित समझौतानामा तैयार कराया और दोबारा पीड़ित के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। आरोपियों ने चेक का दुरुपयोग कर फर्जीवाड़ा कर वकील से नोटिस भेज दिया। अब आरोपी अजय 15 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा है। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अजय, सपना, तुषार, सिद्धांत और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वादा करके फिर मुकरा इफको, वार्ता विफल

## भूदाता किसानों को रोजगार देने के मुद्दे पर जद्दोजहद, धरना जारी रखने का एलान

कार्यालय संवाददाता, बरेली/आंवला

● **सूची में पहले काम कर रहे 15 नाम शामिल करने पर एसडीएम के सामने बिफरे किसान**

**अमृत विचार:** किसानों की जमीन पर अवैध कब्जों पर घिरे इफको प्रबंधन के खिलाफ शुरू हुआ धरना लंबा खिंच सकता है। दरअसल, इफको की ओर से लगातार झूठे वादे करने और प्रशासनिक अफसरों के सामने गलत तथ्य रखने से किसानों में भारी गुस्सा है। शुक्रवार को भी नौकरी देने के मुद्दे पर वार्ता के दौरान इफको के अफसरों ने गलत तथ्य पेश किए तो किसान भड़क गए और उन्होंने धरना जारी रखने का एलान कर दिया।

इफको की फैक्ट्री बनाने के लिए जिन किसानों ने अपनी जमीनें दी थीं, नौकरी का वादा पूरा होने के इंतजार में वे तमाम सालों से रहे हैं। किसानों ने तहसील कार्यालय के सामने 22 दिन पहले एक बार फिर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह के नेतृत्व में धरना शुरू किया है। भूदाता किसानों का कहना है कि इससे पहले उन्होंने 13 महीने तक धरना दिया था। उस दौरान इफको के अधिकारियों ने तत्कालीन एसडीएम की मौजूदगी में तीन महीने में सूची में दर्ज सभी 278 भूदाताओं को योग्यता के आधार पर महीने में 24 दिन का रोजगार देने का लिखित समझौता किया था। अब तक यह वादा पूरा नहीं किया गया है।

किसानों ने आरोप लगाया इफको ने पहले 34 लोगों की सूची देकर रोजगार देने की बात कही जो झूठी साबित हुई। शुक्रवार को वार्ता के दौरान 60 लोगों की सूची दी है। उसमें भी 15 ऐसे लोगों के नाम शामिल कर दिए हैं जो पहले से काम कर रहे हैं। उन्हें पस्त करने के लिए इफको के अधिकारी जानबूझकर गुमराह कर रहे हैं। कुछ किसानों को उन्होंने ठेकेदार के माध्यम से काम पर लगाया है जिन्हें सिर्फ पांच से दस दिन की ड्यूटी दी जा रही है।

किसानों ने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन कई सालों से लगातार मनमानी कर रहा है। अब वे उसके खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। किसान संगठन की ओर से महाराज सिंह यादव, ऊदल सिंह वर्मा, ओम शंकर सक्सेना, वीर सिंह, बसंत कुमार मौर्य, देवेंद्र राजपूत, जानकी प्रसाद मौर्य इफको अधिकारियों में जेजीएम सत्यमूर्ति पौलराज, एचआर आरपी सिंह, एडवोकेट उज्जवल सिंह आदि मौजूद रहे।


एसडीएम की मध्यस्थता में किसानों और इफको अफसरों की हुई बात।

### काम न मांगें इसलिए किसानों से फैक्ट्री में शौचालय और गटर करा रहे हैं साफ

तहसील अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि इफको भू-दाताओं से साजिश के तहत शौचालय और गटर की सफाई कराई जा रही है ताकि वह काम छोड़कर चले जाएं। आरोप लगाया कि भू-दाताओं के ऐसे काम करने से इन्कार करने पर उनसे यह बात लिखित रूप से कहने को कहा जा रहा है ताकि भविष्य में वे काम न मांग पाए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हुई वार्ता के दौरान योग्यता और अनुभव के आधार पर महीने में 24 दिन काम और टाइम ऑफिस से जॉब कार्ड दिलाने की मांग की गई है। इस पर इफको अधिकारी सहमत नहीं हुए। उनका धरना जारी रहेगा।

### एसडीएम ने भी माना, गलत तथ्य पेश कर रहा है इफको, बोले- समझौते का पालन कराएंगे

उधर, अब एसडीएम ने भी माना है कि इफको नौकरी के मुद्दे पर झूठे तथ्य पेश कर रहा है। एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने बताया कि इफको प्रबंधन की ओर से मार्च तक 60 लोगों को रोजगार देने का दावा करते हुए सूची दी गई थी। इसकी जांच में गड़बड़ी मिली है। सूची में 15 ऐसे नाम हैं जो पहले से ही काम कर रहे हैं। उन्होंने इफको प्रबंधन से सूची दुरुस्त कर किसानों की मांग पूरी करने को कहा है। एसडीएम ने कहा कि जो इफको ने जो लिखित समझौता किया था, उसका पालन कराया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### डी फार्म प्रथम वर्ष के छात्रों ने ममता आश्रय और बिथरी सीएचसी का किया भ्रमण



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डीफार्म प्रथम वर्ष के छात्रों ने शुक्रवार को ममता आश्रम और बिथरी चैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। ममता आश्रम की वार्डन अंजू श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में छात्रों ने वहां होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में जाना। वहीं, बिथरी सीएचसी पर एमओआईसी डॉ. अमित गंगवार ने छात्रों को केंद्र की विभिन्न कार्य प्रणालियों के बारे में बताया। बीआई यू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया ने फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के नए पाठ्यक्रम में भ्रमण की सामाजिक उपयोगिता को समझाते हुए छात्रों का मार्गदर्शन किया। यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने छात्रों को बधाई दी। फार्मेसी विभाग के लेक्चरर जैनिफर बेदी, अनीता यादव, असिस्टेंट प्रो. मितुशी सिंह और सनी पटेल का सहयोग रहा।

### कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं के बारे में बताया




**बरेली, अमृत विचार :** खंडेलवाल कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू हो गया। कॉलेज के महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार और प्राचार्य डा. आरके सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शिविर की शुरुआत की। शिविर के तहत नौगवां व आसपास के क्षेत्रों में कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं का प्रचार- प्रसार किया गया। जागरूकता रैली भी निकाली गई। दूसरे सत्र में संगोष्ठी हुई। प्रबंध निदेशक डॉ. विनय खंडेलवाल, कार्यक्रम अधिकारी सविता सक्सेना मौजूद रहीं।

### योग के प्रथम बैच की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में शुक्रवार को योग के प्रथम बैच की प्रयोगात्मक परीक्षा स्व-वित्त पोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक प्रो. अनुराग मोहन की मौजूदगी कराई गई। योग विभाग के प्रभारी डॉ रमेश त्रिपाठी ने जीवन में योग के महत्व के बारे में बताया। योग शिक्षिका हिना महेश्वरी के निर्देशन में दीपक ने शीर्षासन, बबलू ने भुजंगासन रचना ने हलासन, ज्योति ने पूर्ण भुजंगासन, नटराज आसन, मोहम्मद अदनान ने सर्वांगासन, पूजा ने चक्रासन, रेनू ने धनुरासन किया। अमरजीत ने जल नेति की क्रिया करके दिखाई। करिश्मा मिश्रा, डॉ सर्वेंद्र मिश्रा, शैलेश मिश्रा मौजूद रहे।

### शोध: बैक्टीरियल संक्रमण भैंसों में गर्भपात की वजह

**बरेली, अमृत विचार :** डेयरी उद्यमियों के लिए पशुओं में गर्भपात और मेट्राइटिस के साथ संक्रामक प्रजनन संबंधी विकार दिक्कतें खड़ी कर रहे हैं। आईवीआरआई के वैज्ञानिकों के शोध में भैंसों में गर्भपात के लिए बैक्टीरियल संक्रमण को प्रमुख कारक माना गया है। प्रधान वैज्ञानिक डा. भोजराज सिंह ने बताया कि गर्भपात के 23 मामलों का अध्ययन किया गया। इनमें 13 मामलों में एक ही तरह के बैक्टीरिया का पता चला, 10 नमूनों में ज्यादा बैक्टीरिया पाए गए। 17 भैंसों के सीरम नमूनों में उच्च टाइट्रेस में एंटीबॉडी पाए गए जो गर्भपात से पहले संक्रमण की वजह से बनते हैं। मेट्राइटिस पीड़ित छह जानवरों के गर्भाशय में एक ही तरह के बैक्टीरिया का पता चला, जबकि 14 नमूनों में एक से ज्यादा तरह के बैक्टीरिया मौजूद पाए गए। इनमें 90 प्रतिशत बैक्टीरियल आइसोलेट्स अजवायन और दालचीनी के तेल, सिनामाल्डिहाइड, कार्वाक्रोल और थाइम तेल के प्रति संवेदनशील मिले।

### बाल जीवन बीमा योजना का प्रचार प्रसार करेंगे डाकिया

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय डाक विभाग की ओर से बाल जीवन बीमा योजना चलाई जा रही है। जिले में इसका प्रचार प्रसार करने के लिए डाक विभाग के बरेली मंडल की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि यह योजना खास तौर पर बच्चों को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जिसमें छोटा सा निवेश कर आप अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित रख सकते हैं। योजना के तहत 5 साल से लेकर 20 साल तक के बच्चे का जीवन बीमा कराया जा सकता है। विभाग की ओर से 350 डाकियों को प्रशिक्षण दिया गया है। डाकिया 12 मार्च तक घर-घर जाकर इस योजना के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे।

### विधायक ने छात्रावास में छात्रों की समस्याएं सुनीं



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा के दलित युवा संवाद (हॉस्टल संपर्क) अभियान के तहत शुक्रवार को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के छात्रावास में विधायक संजीव अग्रवाल व अन्य नेताओं ने छात्रों से संपर्क कर संवाद किया। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से अनुसूचित वर्ग के लिए किए गए कार्यों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विधायक ने उनकी समस्याएं भी सुनीं और निस्तारण का आश्वासन दिया। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लिए निष्पक्ष काम कर रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज थपलियाल, महानगर मंत्री अमरीश कठेरिया, अनुसूचित जाति मोर्चा के मंत्री जवाहरलाल, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष योगेश कुमार बंटी, हरविंदर यादव, बंटी ठाकुर, विकास पासवान, राजन कुमार, दलवीर सिंह, डॉ प्रमोद भारती मौजूद रहे।

### कार्यकारिणी सभा में सीए मोहित टंडन बोले- एमएसएमई को राहत देने के लिए आम बजट में की गई है व्यवस्था

# माल खरीदने पर 45 दिन में भुगतान करें, नहीं तो आय में जुड़ जाएगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चैंबर ऑफ कामर्स ने उद्यमियों को नए आयकर अधिनियम की धारा 43 बी के प्रावधानों के बारे में बताया




उद्यमियों को संबोधित करते सीए मोहित टंडन, मंचासीन संस्था के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, सचिव अल्पित अग्रवाल और बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन ने शुक्रवार रात सिविल लाइंस स्थित एक होटल में कार्यकारिणी सभा का आयोजन किया। सीए मोहित टंडन ने नये आयकर अधिनियम धारा 43 बी के नियमों की जानकारी दी। कहा कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम इकाई (एमएसएमई) को राहत देने के लिए आम बजट में व्यवस्था की गई है कि माल खरीदने पर उसका भुगतान 45 दिन में करना होगा। अगर इतने दिनों में भुगतान नहीं किया गया तो वह उनकी आय में जुड़ जाएगा। ऐसे में इस सेक्टर से जुड़े लोगों को उस पर स्लैब के मुताबिक आयकर देना पड़ेगा।

सीएम मोहित टंडन ने उद्यमियों को बताया कि अगर मार्च माह में माल खरीदा है तो उसका भुगतान भी उसी वित्तीय वर्ष में करना होगा। ऐसे में अगर उनके द्वारा पूरा अथवा जितना भुगतान नहीं किया जाएगा, उसे लाभ मानकर आयकर स्लैब में जोड़ दिया जाएगा। उस पर आयकर विभाग को इनकम टैक्स देना पड़ेगा। इसका रिफंड भी नहीं मिलेगा। इससे उन्हें नुकसान होगा। अभी तक लोग अपने नियम एवं शर्तों के मुताबिक माल का भुगतान सुविधानुसार करते थे। इससे पहले संस्था अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल और सचिव अल्पित अग्रवाल ने सभा की शुरुआत की।

कार्यकारिणी सभा में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। होली उत्सव पर भव्य कार्यक्रम आयोजित कराने पर सहमति बनी। अल्पित अग्रवाल ने चैंबर की शीघ्र प्रकाशित होने वाली डायरेक्ट्री के विषय में सदस्यों को बताया। कुछ नये सदस्यों के आवेदन पत्र भी कमेटी ने स्वीकृत किए। अध्यक्ष और सचिव ने बताया कि यहां हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पैकेजिंग, पोल्ट्री फीड, फिटकरी, खाद्य तेल, कागज, केमिकल इत्यादि जैसे नये उद्योगों की स्थापना के साथ विस्तारीकरण होगा। इससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति और ऊर्जा मिलेगी। इस मौके पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, किशोर कटरू, पीयूष अग्रवाल, रवि अग्रवाल, राज गोयल, रवि प्रकाश अग्रवाल, सीए कपिल वैश्य, सीए नीतीश टण्डन, डॉ. महेंद्र सिंह बासु, अनूप अग्रवाल, शैलभ अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, संदीप टंडन, सीए शरद मिश्रा, मुनीश मित्तल, पवन मित्तल, विवेक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अब परीक्षा फॉर्म भरने के लिए चुकानी होगी 500 की लेट फीस

### रुविवि ने स्नातक, परास्नातक की वार्षिक परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्नातक और परास्नातक के संस्थागत और व्यक्तिगत छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए अब 500 रुपये अधिक चुकाने होंगे। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि विलंब शुल्क के साथ बढ़ा दी है। इसके अलावा व्यवसायिक पाठ्यक्रमों और खेलकूद परीक्षा के फॉर्म भरने की भी तिथि बढ़ा दी है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक मुख्य परीक्षा 2024 के संस्थागत के स्नातक के बीए, बीएससी और बीकॉम और परास्नातक के एमए, एमएससी और एमकॉम के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 29 फरवरी थी। कई छात्र फॉर्म भरने से रह गए थे। छात्रहित में 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ तिथि बढ़ा दी गई है। अब विद्यार्थी पांच मार्च तक फॉर्म भर सकेंगे और सात मार्च तक भरे हुए फॉर्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे। वहीं, व्यक्तिगत छात्रों के बीए, बीकॉम, एमए और एमकॉम के भी फॉर्म भी अब पांच मार्च तक भरे जाएंगे। इसके अलावा व्यवसायिक पाठ्यक्रमों और खेलकूद एवम शारीरिक शिक्षा के छूटे हुए छात्रों में फॉर्म भी 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ पांच मार्च तक भरे जाएंगे।

### बाहरी युवकों ने की फार्म जमा करने की कोशिश, हंगामा



हंगामो के बाद मौजूद कर्मचारी और छात्र। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कालेज में प्राइवेट परीक्षा फार्म जमा करने के दौरान हंगामा हो गया। दरअसल, बाहरी युवकों ने लाइन में घुसकर फार्म जमा करने की कोशिश की। इस पर कर्मचारियों ने उन्हें रोक दिया। इसपर युवक कर्मचारियों से नोकझोंक करने लगे। कार्यालय में मौजूद छात्र नेताओं ने बाहरी युवकों को खदेड़ दिया। कॉलेज प्रशासन अनदेखी चलते बाहरी युवक अक्सर कालेज में घुस आते हैं और हंगामा करते हैं। तेज रफ्तार से बाइकें दौड़ाते हैं। वहीं, इस मामले में समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों ने चीफ प्राक्टर डॉ आलोक खरे का घेराव किया और कॉलेज परिसर में बाहरी युवकों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की।

## वाहन चालकों को 10 महीने से नहीं मिला मानदेय

- वाहन चालकों ने बीएसए को सौंपा शिकायत पत्र
- समस्या निदान का मिला भरोसा

**बरेली, अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारियों के वाहन चालकों को आठ से दस महीने से मानदेय नहीं मिला है। इसके चलते उन्हें परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाई आ रही है। बच्चों की फीस भी जमा नहीं कर पा रहे हैं। शुक्रवार को वाहन चालकों ने कार्यालय में बीएसए को शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि ठेकेदार से बकाया मानदेय का भुगतान जल्द कराया जाएगा। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि चालकों के भुगतान को लेकर ठेकेदार को नोटिस दिया गया है। अगर भुगतान नहीं किया तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। चालकों का आरोप है कि ठेकेदार से भुगतान की मांग करने पर वह फर्जी चेक दे देते हैं। बैंक में चेक लगाने पर पता चला है कि उस खाते में पैसा ही नहीं हैं। रामकृष्ण, राकेश सिंह, नंद किशोर, निसार आदि वाहन चालक मौजूद रहे।

# छात्रों से वसूली कर नकल कराने के मामले में होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- केंद्र व्यवस्थापक ने भी डीआईओएस और एसडीएम के सामने रखा पक्ष
- एक दिन पहले छात्रों ने कक्ष निरीक्षक और केंद्र व्यवस्थापक पर लगाए थे गंभीर आरोप

**अमृत विचार:** आंवला के सेंधा क्षेत्र स्थित सारांश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रों से वसूली कर नकल कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। डीआईओएस का कहना है कि इस संबंध में विधिवत जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शुक्रवार को केंद्र व्यवस्थापक सारांश गुप्ता ने डीआईओएस और आंवला एसडीएम को पत्र सौंप कर अपना पक्ष रखा। उन्होंने छात्रों के आरोप बेबुनियाद बताए।

उनके अनुसार परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाएं सील की जा रही थीं। तभी कुछ परीक्षार्थी विद्यालय परिसर में घुस आए और शिक्षकों के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। पुलिस को बुलाकर छात्रों को परिसर से बाहर निकाला। बताया कि परीक्षा केंद्र पूरी तरह सीसीटीवी कैमरों से लैस है और 24 घंटे निगरानी की जा रही है। उन्होंने प्रकरण में एक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पर षडयंत्र रचने की आशंका जताई है।

### परीक्षा के दौरान छात्रों को नकल कराने का लगा था आरोप

गुरुवार को कुछ छात्रों ने एसडीएम को दिए पत्र में बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक कई छात्रों को बोल कर नकल करा रही थीं। बाकी छात्रों ने भी कक्ष निरीक्षक से बताने को कहा। कक्ष निरीक्षक ने यह कहते हुए छात्रों को प्रधानाचार्य के पास भेज दिया कि पहले उनसे सेटिंग कर लो तब नकल कराई जाएगी। आरोप है कि प्रधानाचार्य के पास पहुंचे छात्र कनिष्क, मोहित यादव, करन शर्मा, अर्पित, आर्यन और अंकित के साथ मारपीट की गई।

## खोया बेटा मिला तो खुशी से भर आईं आंखें



परिजनों के साथ किशोर और मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** खोया बेटा मिला तो परिजनों की आंखों भर आईं। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बीते साल सितंबर महीने में जिला शाहजहांपुर के गांव बिलहारी में प्राइमरी स्कूल के पास एक किशोर मिला था। शिक्षिका शिवाली तोमर ने मनोसमर्पण संस्था के फाउंडर और साइकोलॉजिस्ट शैलेश शर्मा से संपर्क किया। संस्था के मुकुल कुमार थाना तिलहर पुलिस की मदद से किशोर को रजऊ परसपुर स्थित मनोसमर्पण पुनर्वास केंद्र में लाए। यहां उसका इलाज किया। ठीक होने पर उसने सीतापुर में रहने वाले परिजनों के बारे में जानकारी दी। मामले की जांच कर रहे एसआई देव कुमार पांडेय किशोर छुटक्कन को लेने मनोसमर्पण केंद्र पहुंचे। उनके साथ परिजनों भी थे। बताया कि किशोर नाराज होकर घर से निकल आया था।

# तीन नए डिग्री कॉलेजों को एनओसी देने से पहले जमीनों की जांच होगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव की चिट्ठी जिला प्रशासन के पास पहुंची
- एलबीएस कॉलेज ऑफ लॉ, सरोजनी इंस्टीट्यूट और जमुना देवी लॉ कॉलेज चांदपुर का मामला

**अमृत विचार:** जिले में नए तीन और निजी डिग्री कॉलेज खोले जाने की तैयारी है। निजी कॉलेजों के प्रबंधकों ने एनओसी लेने को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया है। इसपर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने निजी कॉलेजों की भूमि की जांच कराने के लिए प्रशासन को चिट्ठी लिखी है।

कुलसचिव ने 24 फरवरी को जिलाधिकारी को लिखी चिट्ठी में कहा है कि एलबीएस कॉलेज ऑफ लॉ, सरोजनी इंस्टीट्यूट आफ टीचर एजुकेशन और जमुना देवी लॉ कॉलेज चांदपुर के प्रबंधक ने एनओसी के संबंध में ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया है। शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए पूर्व में जारी 15 सितंबर 2023 और 31 जनवरी को शासनादेश के निर्धारित समय सारिणी में संशोधन किया गया है। जिसके क्रम में रुविवि में जमा किए गए ऑनलाइन प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कर ऑनलाइन आख्या पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 29 फरवरी निर्धारित की थी। नए महाविद्यालय एवं संस्थानों को खोले जाने के लिए अनापत्ति के ऑनलाइन प्राप्त प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों की जांच कराने के लिए अभिलेख जिलाधिकारी कार्यालय में ऑनलाइन पोर्टल पर भेजे गए हैं। हालांकि, भूमि संबंधी सत्यापन की पूर्व तारीख निकल गई।

### त्वरित न्याय के लिए शोध में दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में शोधार्थी रूद्रेश कुमार की पी-एचडी मौखिकी परीक्षा और अशोक कुमार का प्री सबमिशन प्रस्तुति हुई। बाह्य परीक्षक प्रो. फरीद खान, वार्ष्णेय कॉलेज अलीगढ़ के समक्ष रुद्रेष कुमार ने कोर्ट मैनेजमेंट विद स्पेशल रिफरेंस टू स्पीडी एंड अफोर्डेबिल जस्टिस इन इंडिया शीर्षक पर शोध प्रस्तुत किया। इसमें त्वरित न्याय प्रदान किए जाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए और गवाह के गवाही का समय निर्धारित करने और कोर्ट प्रोसिडिंग के रिकॉर्ड मेनटेन करने से संबंधित सुझाव दिए। छात्र ने डॉ. अशोक कुमार के निर्देशन में अपना शोध पूरा किया। विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, डॉ. अशोक कुमार, कामिनी विश्वकर्मा, डा. शहनाज अख्तर, डा. लक्ष्य लता, नईमुद्दीन आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं को स्मार्ट फोन बांटे

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को मुख्य अतिथि विधायक संजीव अग्रवाल ने 1066 छात्राओं को स्मार्टफोन दिए। उन्होंने छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा लेने की शिक्षा दी। प्राचार्य प्रो. मनीषा राव, प्रो. सन्ध्या रानी शाक्य, उच्च शिक्षा अधिकारी, प्रो. सन्ध्या सक्सेना, सचिन गिहार, डॉ. रंजू राठौर, पंकज अग्रवाल, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. फौजिया खान, डॉ. रविन्द्र, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

## परीक्षा केंद्र पर मोबाइल रखने पर कर्मचारियों के खिलाफ होगी रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** आगरा में यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र वायरल होने के बाद से शासन स्तर पर सख्ती बरती जा रही है। शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने डीआईओएस को पत्र जारी कर परीक्षा संबंधी निर्देश दिए। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा अन्य किसी भी व्यक्ति के पास मोबाइल फोन नहीं होना चाहिए। यदि किसी के पास मोबाइल या अन्य कोई भी संचार उपकरण पाया गया तो स्टेटिक मजिस्ट्रेट संबंधित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएंगे।

### 20 छात्रों ने छोड़ी उर्दू की परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के इंटर के छात्रों की शुक्रवार को उर्दू, बंग्ला और पंजाबी विषय की परीक्षा हुई। उर्दू में 341 में से 328 छात्र उपस्थित रहे। जबकि 20 ने परीक्षा छोड़ दी। पंजाबी विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत सात छात्र उपस्थित रहे।

### योग की परीक्षा में शत-प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीएसई के 12 वीं के छात्रों की शुक्रवार को योग विषय की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत सभी 60 छात्र उपस्थित रहे। नैनीताल रोड स्थित परीक्षा केंद्र सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल में परीक्षा आयोजित की गई। सीबीएसई के सिटी समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि शनिवार को सभी 22 परीक्षा केंद्रों पर 10 वीं की विज्ञान की परीक्षा होगी।

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
कथा 01.03.2024
साधना-हनी जौहरी (मम्मी-पापा)
सन्नी जौहरी (चाचा),
बेबी जौहरी (दादी)



# काशीपुर ने जीता हॉकी टूर्नामेंट, नवीन-नेहा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीआरएम ने विजेता और उपविजेता टीम को किया सम्मानित
- रेलवे स्टेडियम में स्व. विनोद सिंह रावत हॉकी टूर्नामेंट



रेलवे स्टेडियम में हॉकी टूर्नामेंट की विजेता टीम और अतिथि।

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेडियम में चल रहे स्व. विनोद सिंह रावत मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को फाइनल हुआ। पुरुष वर्ग में काशीपुर की टीम ने गाजियाबाद को 5-4 से हराकर टूर्नामेंट अपने नाम किया। महिला वर्ग में शाहजहांपुर ने बरेली स्टेडियम को 4-0 से हराया।

प्रतियोगिता में महिला वर्ग में सेमीफाइनल बुलंदशहर और शाहजहांपुर के बीच हुआ, जिसमें शाहजहांपुर 4-0 से विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल बरेली स्टेडियम और रेलवे ट्रेनिस के बीच खेला गया। इसमें बरेली स्टेडियम ने 3-1 से जीत दर्ज की। पुरुष सेमीफाइनल में काशीपुर ने लखनऊ और खान ब्रदर्स को गाजियाबाद ने हराया। महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शाहजहांपुर की नेहा और पुरुष वर्ग में गाजियाबाद के नवीन रहे। पुरुष वर्ग में बेस्ट टूर्नामेंट खिलाड़ी काशीपुर के हसन और बेस्ट स्कोरर गाजियाबाद के सूरज रहे। मुख्य अतिथि डीआरएम इज्जतनगर रेल मंडल रेखा यादव, उपमंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल और क्रीड़ा सचिव गीता अरोरा शर्मा ने विजेता और उप विजेता टीम को सम्मानित किया।

निर्णायक की भूमिका में बलवंत सिंह, संजय त्यागी, नसीब खान, फैजान, अर्जुन कश्यप रहे। आयोजन कमेटी के सचिव दुर्गेश कुमार, उपसचिव सोनू कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील राणा, धर्मेंद्र कुमार, डा. विक्रम भदौरिया मौजूद रहे।

### डायट में एसेसमेंट टूल डिजाइन का प्रशिक्षण शुरू



**बरेली, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में एसेसमेंट टूल डिजाइन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार से शुरू हो गया, जिसकी शुरुआत डायट प्राचार्य कल्पना सिंह और वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश कुमार ने की। प्रशिक्षण में प्रशिक्षुओं को एसेसमेंट टूल डिजाइन के बारे में जानकारी दी गई। प्रवक्ता नीति माहौर, डॉ. फेहमिना, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### सब जूनियर हॉकी बालिका के लिए ट्रायल आज

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर हॉकी बालिका के लिए जिला स्तरीय ट्रायल शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होंगे। मंडल स्तरीय ट्रायल चार मार्च को होंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि छह से 11 मार्च तक अयोध्या में राज्य स्तरीय ट्रायल होंगे।

बहुत कर लिया सभी पार्टियों ने आपको इस्तेमाल !
अबकी बार आपका वोट इस्तेमाल नहीं होगा,
आपकी ताकत बनेगा
मुझसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करे
WHATSAPP करे
969 0 12345 0



WASEEM MIAN
बरेली सांसद उम्मीदवार

## एक नजर

### कुटी मशीन में फंसने से युवक की मौत

सिरौली, अमृत विचार : कुटी मशीन में फंसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मुलाड़िया अरिल गांव निवासी रस खां (30) ट्रैक्टर में कुटी मशीन लगाकर किराए पर कुटी काटने का काम करता है। शुक्रवार को वह गांव में कुटी काट रहा था। किसी तरह उसका हाथ मशीन में चला गया और वह मशीन में फंस गया। चीख पुकार पर मौजूद लोगों ने उसे मशीन से बाहर निकाला। परंतु तब तक उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि उसके 4 बच्चे हैं।

### किशोरी को बहकाकर ले गया युवक, शिकायत

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के एक गांव के युवक की बेटी को देवरनियां थाना क्षेत्र का युवक गुरुवार को बहला कर ले गया। शाम को जब युवक घर आया तो बेटी को घर पर न पाकर पता किया तो मालूम हुआ कि उसकी बेटी को एक युवक बहाकर ले गया है। किशोरी की मां ने तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। दी हुई तहरीर में महिला ने बताया कि उसका पति काम पर गया था और वह किसी काम से घर से गई हुई थी। इसी दौरान देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव मकसूदनपुर का विवेक आया और उसकी छोटी बेटी को बाइक से नगर के एक मंदिर पर ले गया और उसे वहां छोड़कर उसकी बहन को लेकर चला गया जो वापस नहीं आया।

### पांच लाख की मांग पूरी न होने पर महिला को पीटा

नवाबगंज, अमृत विचार : ससुरालियों ने दहेज में पांच लाख की मांग पूरी न होने पर महिला से मारपीट कर घर से निकाल दिया, पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव गोसलपुर की महिला ने बताया कि उसकी शादी डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति उससे मारपीट करने के साथ ही तरह -तरह की मांग करता था। आरोप है कि 27 फरवरी को जब वह खेत से घर आया तो परिजनों के उकसाने में आकर उसको पीटने के साथ ही पांच लाख मायके से दहेज के रूप में दिलवाने की बात, कही जब उसने उनकी मांग पूरी कराने में असमर्थता जताई तो ससुरालियों ने पति के साथ मिलकर उसको पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गोदभराई के बाद दहेज में मांगी कार और नकदी

मीरगंज, अमृत विचार : गोदभराई के बाद वर पक्ष ने कन्या पक्ष से दहेज में कार और दो लाख नकदी की मांग कर दी, जिससे पूरा करने में वधू के पिता ने असमर्थता जताई तो वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। पीड़ित पिता ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना शीशगढ़ के गांव सहोड़ा के शिशुपाल ने बताया उसने बेटी का रिश्ता 4 माह पूर्व बिहारीपुर इस्तियारपुर से तय की थी। लड़का पक्ष ने गोदभराई के समय कोई दहेज नहीं मांगा था। गोद भराई की रस्म के तीन दिन बाद लड़के पक्ष ने दहेज में चार पहिया वाहन और 2 लाख रुपये की मांग की। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक थाना शीशगढ़ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर लड़का पक्ष से सुनील, ऋषिपाल, सोमपाल, पुष्पा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### बाइक से बकरा चुरा ले गए चोर, थाने में शिकायत

दुनका, अमृत विचार : दुनका क्षेत्र के बसई गांव से शुक्रवार दोपहर चोरों ने बकरा चुरा लिया। पशुपालक राजपाल ने बताया की घर के बाहर बकरा -बकरियों बांध रखा था, घर के सभी लोग खेत में गए थे। इसी बीच दो लोग बाइक से आए और बकरा खोलकर ले गए। जब परिवार के लोग खेत से लौट तो बकरा गायब था, छानबीन की तो पता चला कि दो लोग बाइक से उठाकर उसे ले गए है, बकरा की कीमत 15000 थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# चौकीदार को बंधक बनाकर 84 बोरी अनाज लूट ले गए

## व्यापारी ने थाने पहुंचकर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, फरीदपुर

- पड़ोस की दुकान से तीन कट्टे सरसों, 15 हजार रुपये ले गए


टूटे ताले दिखाता व्यापारी।

अमृत विचार : चौकीदार को गन पॉइंट पर लेकर आढ़त के शटर के ताले तोड़कर नकदी सहित राशन के कट्टे 84 चोर चुरा ले गए। व्यापारी ने सुबह आढ़त पर पहुंचकर ताले कटे हुए देखे तो पैरों तले जमीन खिसक गई, अन्दर जाकर देखा तो कट्टे और गल्ले से नकदी भी गायब थी, चौकीदार ने बताया कि उसे बंदूक दिखाकर चोरों ने उसे बंधक बनाकर लूटपाट की। व्यापारी ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई, पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

नगर के मोहल्ला फर्रखपुर निवासी अजय गुप्ता ने अपनी लिखाई रिपोर्ट में बताया कि उनकी नगर के बीसलपुर रोड त्रिमूर्ति मंदिर के पास मैसर्स ओम साइ टेडर्स कंपनी के नाम से गेहूं, धान, सरसों, तिल बाजार आदि के खरीदते हैं। रोज की तरह अजय अपनी आढ़त गुरुवार को बंद करके चले गए। सुबह 8:00 बजे देखा तो दुकान के ताले टूटे हुए थे, दुकान चेक करने पर 65 कट्टा धान, 15 कट्टा सरसों और पड़ोस में उनके चाचा राजीव गुप्ता निवासी मोहल्ला शांति नगर की दुकान भी चेक की गई तो उनकी दुकान के ताले टूटे मिले जिसमें से एक कट्टा तिल और तीन कट्टे सरसों की वह 15000 नकद गायब थे। उन्होंने बताया कि अपनी आढ़त की देखभाल के लिए, चौकीदार रखा था जो की 5 वर्षो से उनके यहां नौकरी कर रहा है चोरों ने उसे तमंचा दिखाकर उसे बंधक बनाकर दूसरे मकान में बांधकर डाल दिया उसके बाद आढ़त से चोरी कर ले गए पुलिस ने अजय गुप्ता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# आंवला-वजीरगंज सड़क की नहीं शुरू हुई मरम्मत

संवाददाता, आंवला


सड़क से उधड़ी गिट्टी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: आंवला- वजीरगंज रोड दशकों से बदहाल है। क्षेत्री लोग वर्षों से मरम्मत की मांग कर रहे है। पर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की नाराजगी व्यक्त करने पर विभाग के अधिकारियों ने सर्दी का हवाला देकर फरवरी में काम शुरू कराने का दावा किया था लेकिन मार्च शुरू होने के बावजूद मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ।

आंवला-बजीरगंज मार्ग बरेली और बदायूं को जोड़ता है। स्थानीय लोगों ने कुछ माह पूर्व कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से सड़क की हालत के बारे में बताया था। इस पर उन्होंने विभाग के एक उच्च अधिकारी को खरी खोंटी सुनाई थी। उनकी नाराजगी देख पीडब्ल्यूडी एक्सईएन ने सड़क का निरीक्षण करके फरवरी में मरम्मत कार्य शुरू कराने का वादा किया था। नगर के व्यापारी नेता वरुण अग्रवाल ने बताया कि अधिकारियों का दावा हवा हवाई निकला, फरवरी माह निकल चुका है। परंतु मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया था कि यह रोड बरेली में 5.81 किलोमीटर है। जिसके लिए 80 लाख रुपये जारी हुए हैं। निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण है। पीडब्ल्यूडी एक्सईएन बरेली राजीव अग्रवाल ने बताया कि उक्त मार्ग के उसैता गांव में सीसी कार्य पूर्ण हो चुका है। एक सप्ताह के अंदर सड़क का कार्य शुरू हो जाएगा।

# दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर मांगे दो लाख

संवाददाता, दुनका

- पीड़ित के पिता ने एडीजी से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

अमृत विचार : दो युवक एक युवती के साथ खाटूश्याम के दर्शन गए थे। जहां पर युवती ने उनके साथ ली गई फोटो के साथ छेड़छाड़ कर उन्हें ब्लैकमेल करने लगी। आरोप है कि वह दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर दो लाख रुपये की मांग कर रही है। पीड़ित युवक के पिता ने एडीजी जोन पीसी मीना से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

शीशगढ़ निवासी शगुन देवल ने बताया कि वह खाटू श्याम की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालता था, उसके मोबाइल पर एक युवती का फोन आया, उसने अपने आपको खाटू श्याम का भक्त बताया। दोनों में बातचीत शुरू हो गई, पहचान बढ़ने पर वह 31 दिसंबर 23 को अपने दोस्त सुमित शर्मा निवासी अहमदाबाद बिलासपुर रामपुर के साथ खाटू श्याम जाने को घर से निकला। आरोप है कि युवती भी इन लोगों के साथ खाटू श्याम राजस्थान गई। सभी लोग दर्शन करके अपने-अपने घर वापस हो गए। 14 जनवरी 2024 को उसके मोबाइल पर युवती ने फोन कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी और उससे दो लाख रुपये की मांग की। पुलिस से बताने पर दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। आरोपी युवती दोनों दोस्तों से रुपये मांगने लगी। घबराए युवकों ने यह बात अपने पिता को बताई। पीड़ित के पिता ने मामले की जानकारी लेने बिलसंडा पहुंचे। वहां पर दो लोगों ने धमकाया और कहा अगर तूने इतने रुपये नहीं दिए तो यह दुष्कर्म के मुकदमे में जेल भिजवा देगी। पीड़ित के पिता ने अपर पुलिस महानिदेशक से शिकायत की है।

# पीएम आवास: अपात्रों से होगी वसूली

संवाददाता, फरीदपुर

- डूडा से मकान शहर में पास कराके गांव में बनवाने का मामला
- वसूली के लिए जारी हुआ नोटिस अधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद की सीमा में आवासीय भूखंड दिखाकर मकान डूडा से स्वीकृत कराने के मामले में सभासद समेत कई अधिकारियों की गर्दन फंसना तय है। डूडा अधिकारी ने बताया भूता ब्लॉक के मगरासा ग्राम निवासी रीना देवी, पुष्पा देवी, नीरज कुमार, एवं सोनवती को नोटिस जारी किया गया है। जांच में अपात्र पाए जाने पर सभी से धनराशि की वसूली जुर्माने सहित होगी। साथ ही दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ डूडा सख्त कार्रवाई करेगा।

अभिषेक सिंह निवासी लाइन पर फरीदपुर ने प्रमुख सचिव, नगर विकास लखनऊ से पीएम आवास योजना शहरी में नगर पालिका परिषद के सदस्य अमरपाल मौर्य ने अपने रिश्तेदारों को निजी लाभ दिलाने के लिए वॉर्ड संख्या 9 एवं 13 लाइन पार निवासी दिखाकर नियमों के विपरीत आवास का निर्माण मगरसा गांव में किए जाने की शिकायत की थीं। शिकायतकर्ता ने बताया पीएम आवास योजना के तहत शहरी सीमा में आवास बनाने के लिए ढाई लाख दिए जाते है, जिसका प्रदीप प्रजापति नगर के तमाम सभासद सदस्य से मिलकर अपात्र लोगों को लाभ दिलवाते है। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि वॉर्ड संख्या 6 के सभासद राजकुमार के साथ मिलकर प्रदीप बाबू ने तमाम परिवारों को धनराशि आवंटित करा चुके हैं। जो पहले से ही पक्के मकान में रह रहे हैं। मनोहर लाल राठौर, विनीत राठौर जो की जमीन और जायदाद के मालिक हैं विनीत की पत्नी पार्वती और शशि बाला के नाम पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराया गया जो कि पहले से बने हुए मकान में पिलर खड़े करके पुराने लिंटर को जोड़कर सरकारी पैसा को गलत ढंग से प्राप्त कर लिया। दोनों भाई प्रेमपाल और सोनपाल की पत्नी अर्चना और सुमन रामाधार सिंह ने अपनी पत्नी भुवनेश्वरी देवी अपने इकलौते बेटे पवन सिंह की पत्नी के नाम आवेदन किया। रामाधार को भी डबल लाभ दिया गया जो कि पहले से पक्के मकान में रह रहे हैं। मामला खुलने के बाद हड़कंप मच गया है यह भी कहा जा रहा है कि घोटाला बहुत बड़ा हो सकता है।

> नोटिस जारी देकर सभी से उनका पक्ष जानकर अपात्र पाए जाने पर उनसे वसूली की जाएगी, साथ ही मामले में मामले में संलिप्त कर्मचारियों पर भी कार्रवाई होगी। - **हितेश पाठक**, डूडा
>
> जांच करा कर नियमानुसार कार्रवाई कराई जाएगी। अपात्र पाए जाने वालों से पहले रिकवरी होगी और कार्रवाई भी होगी। -**निधि डोडवाल**, एसडीएम

## बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ



मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तहसील सभागार में शुक्रवार को सांसद संतोष गंगवार, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, क्षेत्रीय विधायक डॉ. डीसी वर्मा की उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव ने एक बार फिर मुंसिफ कोर्ट को मीरगंज में लाने की बात पर जोर दिया। अध्यक्ष अशोक उपाध्याय ने क्षेत्रीय विधायक और सांसद से इस पर विचार करने की बात कही। विधायक ने कहा मुंसिफ कोर्ट की स्थापना बहुत जल्द कराएंगे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय, सचिव भगवान सिंह गंगवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रईस अहमद, उपाध्यक्ष नसीम उल हसन, सह सचिव के दोनों पदों पर अरविंद कुमार प्रथम एवं अरविंद कुमार द्वितीय, कोषाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, ऑडिटर रमेश चंद्र को बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी देवेश कुमार और सहायक चुनाव अधिकारी यशपाल सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लाई।

## जमियतुर रजा के हाफिज विदेश में पढ़ाएंगे नमाज

बरेली, अमृत विचार : रहमतों और बरकतों का माह रमजान आने वाला है। जिसको लेकर दुनिया भर से दरगाह आला हजरत से जुड़े मदरसों में पढ़ने वाले कुरान हाफिज उलमा की मांग की जा रही है। क्योंकि रमजान में विशेष तरावीह की नमाज कुरान हाफिज द्वारा पढ़ाई जाती है। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां ने बताया कि फिलहाल संयुक्त अरब अमीरात के देशों के अलावा जिंबाबे और मॉरीशस से कुरान हाफिज मांगे गए हैं। वीजा आदि की प्रक्रिया के बाद कुरान हाफिज मदरसा जामियातुर्रजा से भेजे जाएंगे। कोतवाली स्थित मोती मस्जिद में हाफिज चांद खां ने जुमे की नमाज से पहले रमजान की फजीलत बयां की। नौमहला में इमाम मुफ्ती अब्दुल बाकी ने रमजान की इबादत का महत्व बताया। बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खान वारसी ने बताया कि 11 या 12 मार्च से रमजान का महीना शुरू हो जाएगा। लिहाजा, जुमा की नमाज के बाद रमजान की जंत्रियां नमाजियों को बांटी गई हैं

# विद्युत उपकेंद्र में आग से कई गांवों की सप्लाई गुल

आंवला, अमृत विचार : विद्युत उपकेंद्र आंवला ग्रामीण की इनकमिंग में फ्लैश ओवर होने से आग लग गई, जिससे बल्क डिपो समेत 4 फीडरों की सप्लाई गुल हो गई। बिजली कर्मियों ने आग बुझाकर घटना की जांच आरम्भ कर दी है। आंवला 132 केवी विद्युत उपकेंद्र परिसर के आंवला ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र में शाम करीब 6:20 बजे इनकमिंग में फ्लैश ओवर होने से आग लग गयी। विद्युत कर्मियों ने सप्लाई बंद कराकर आग बुझाई और घटना की जानकारी अधिकारियों को दी। आग लगने से बल्क डिपो, सेंधा, दिगोई, टांडा फीडर से जुडे दर्जनों गांवों की सप्लाई बाधित हो गई। जेई मनोज कुमार यादव ने बताया कि इनकमिंग में फ्लैश ओवर होने से आग लगी है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। टीम को जांच करने के साथ इनकमिंग की मरम्मत के लिए लगाया गया है। उन्होंने बताया कि रात में सप्लाई सुचारू करने का प्रयास किया जाएगा।

# पालिका कर्मी की कार्यशैली पर सभासदों ने उठाए सवाल


नगर पालिका बोर्ड की बैठक में शामिल पालिकाध्यक्ष और विधायक। ● अमृत विचार

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद बोर्ड की शुक्रवार को हुई बैठक में दिवंगत सभासद को श्रद्धांजलि देने के बाद बैठक के दौरान सभासदों ने पालिकाकर्मी पर वर्तमान बोर्ड के सभासदों पर निर्वतमान सभासदों को तरजीह देने के साथ ही उनकी कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की।

बैठक में सभासद भूपेन्द्र राठौर के असामयिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर मौन धारण कर श्रद्धांजलि के बाद गत समय हुए विकास कार्यों का सत्यापन किया गया।

बैठक के दौरान सभासदों ने पालिका संविदाकर्मी कैलाश की कार्यशैली पर रोष व्यक्त कर उसके विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। सभासदों की मांग पर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन बोर्ड को दिया। बैठक में पालिकाध्यक्ष प्रेमलता राठौर और नगर पालिका के सभासदों के साथ ही ईओ प्रियंका मिश्रा, विधायक डॉ. एमपी आर्य, पालिकाध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौर भी मौजूद रहे।

## देवर पर लगाया बेटियों से अश्लीलता करने का आरोप

बरेली, अमृत विचार : एक महिला ने देवर पर नाबालिग बेटियों से अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। मामले में थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बारादरी क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि 24 फरवरी को वह जेठानी के साथ बाहर गई थीं। आरोप है कि उनके देवर ने दोनों बेटियों को अकेला देखकर गालीगलौज कर उनके साथ अश्लील हरकत की। आरोपी देवर और देवरानी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आरोप है कि तीन वर्ष से देवर उनकी बेटियों को देखकर अश्लील हरकतें करता है। डर के कारण बेटियों ने स्कूल जाने से भी मना कर दिया है। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने आरोपी देवर और देवरानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कार की टक्कर से युवक घायल

बरेली, अमृत विचार : तेज रफ्तार कार ने नगर निगम गेट के सामने कई वाहनों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। लोगों ने बताया कि पटेल चौक से नगर निगम की ओर मैकेनियर रोड पर मिस्त्री कार को चेक कर रहा था। इस दौरान कार के ब्रेक फेल हो गए। जिससे वह बेकाबू होकर ई-रिक्शा और बाइकों से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति को चोट आई है। जिसे अस्पताल भेजा गया है। कार मिस्त्री और बाइक- ई-रिक्शा चालक के बीच नोकझोंक हुई। आसपास के लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया।

## सेवानिवृत्ति पर वेदप्रकाश को दी विदाई



बरेली, अमृत विचार : शिक्षणेत्तर कर्मचारी बेसिक शिक्षा के जिलाध्यक्ष रहे वेदप्रकाश के सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक और कर्मियों ने उन्हें विदाई दी। शुक्रवार को बिथरी चैनपुर बीआरसी पर आयोजित कार्यक्रम में बीईओ अवनीश कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, कर्मचारी परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष तापश मिश्रा, मंडलीय मंत्री केसी पटेल, ऋषि पाल सिंह, गेंदन लाल मौजूद रहे।

## शाहजी रफीकुल औलिया के उर्स का आज होगा आगाज



बरेली, अमृत विचार : खानकाहे शाहजी रफीकुल औलिया के तीन दिवसीय 14 वें सालाना उर्स का आगाज शनिवार को होगा। शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में खानकाह के मीडिया प्रभारी मोहम्मद अखलाक रफीकी ने बताया कि शनिवार को इशा की नमाज के बाद शाहजी रफीकुल औलिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा, जिसमें मौलाना मोहम्मद सलीम कादरी, मौलाना साजिद शेरपुरी, शायरे इस्लाम कारी यासीन, मोहम्मदी कदीरी, सैयद वसी, सरताज रफिकी शामिल होंगे। रविवार सुबह 9 :40 बजे हजरत शाहजी रफीकुल औलिया का विसाली कुल होगा। रात को इशा की नमाज के बाद नातिया मुशायरा होगा, जिसमें निजामत हिलाल बदायूंनी करेंगे। सोमवार को दोपहर में महफिल में मुफ्ती अतीक पीलीभीती से शामिल होंगे। सैयद असलम मियां वामिकी निशाती, कारी आताउर्रहमान मुहम्मदी की मौजूदगी में 4 :15 बजे कुल की रस्म अदा की जाएगी। उर्स की कयादत खानकाह के सज्जादनशीन मोहिब मियां रफीकी करेंगे। नायब सज्जादा फय्यूख अहमद रफीकी व हसीन मियां आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सामूहिक विवाह के लिए सजा सहारा ग्राउंड



नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के गांव दलेलनगर के समाजसेवी रमेश गंगवार की ओर से कराए जा रहे सामूहिक वैवाहिक समारोह में 3 मार्च को 251 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधेंगे। इसके लिए मुड़िया अहमदनगर के सहारा गाउंड को सजाया जा रहा है समारोह में शामिल होने वालों के लिए भोजन की व्यवस्था विशाल पंडाल में होगी। आयोजक रमेश गंगवार ने बताया कि विधि विधान से 251 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराने के बाद दान दहेज के साथ उनकी विदाई की जाएगी। इस मेगा समारोह के आयोजन में उनके मित्रों का भी सहयोग मिल रहा है।

### घर में घुसे चोरों ने किशोरियों से की छेड़छाड़, रिपोर्ट

गुलड़िया, अमृत विचार : घर में घुसे चोरों ने किशोरियों से छेड़छाड़ की, घर वालों के जागने पर एक आरोपी भाग गया, जबकि दूसरे को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। सिरौली थाना क्षेत्र के एक युवक ने बताया की गुरुवार रात लगभग 2 बजे दो व्यक्ति उसके घर में घुस आए और संदूक का ताला तोड़कर चोरी कर रहे थे। इसी दौरान उनकी और भाई की बेटी जाग गई और दोनों युवकों को देख लिया, आरोपी दोनों से छेड़छाड़ करने लगे, दोनों ने शोर मचाया तो घर के लोग जाग गए, और दोनों को पकड़ लिया गया, उसमें से एक युवक चकमा देकर भाग गया। परिवार के लोगों ने उससे नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम कैलाश और दूसरे का नाम दर्शन बताया। इसके बाद 112 फोन करके सूचना दी गई। पुलिस एक आरोपी को पकड़कर थाने आई, वहीं दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### 150 दिव्यांगों को सांसद ने दी ट्राईसाइकिल



भोजीपुरा, अमृत विचार : विकासखंड परिसर में 150 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल दी गई। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि सांसद संतोष गंगवार उन्होंने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देकर रवाना किया। कार्यक्रम में भोजीपुरा, नवाबगंज, भदपुरा, दमखोदा, शेरगढ़ सहित पांच ब्लाकों के दिव्यांग पहुंचे थे। सांसद ने कहा हमारी सरकार बिना भेदभाव के सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दे रही हैं। ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल ने कहा आज हमारा देश डिजिटल इंडिया कहा जा रहा है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री प्रतिनिधि मुकेश कुमार कश्यप, पीपी सिंह, रामबाबू सागर, चमन सिंह, अशोक कुमार श्रीमाली, शशांक सक्सेना, कौशल कुमार, समसुल, सादिक हुसैन, रामकुमार, नरेंद्र पाल, वरिष्ठ कर्मचारी नेता सर्वेश कुमार मौर्य, श्रवण कुमार गुप्ता आदि क्षेत्रवासी पहुंचे।

### आज सात घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के भिटौरा फीटर की 11केवी के तार बदलने के चलते शनिवार को विद्युत सप्लाई करीब सात घंटे बाधित रहेगी। एसडीओ अखिलेश यादव ने सभी उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बिजली सप्लाई शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक यानी सात घंटे बाधित रहेगी।

### देवचरा में सात दिवसीय बुध कथा आरंभ



भमोरा, अमृत विचार : देवचरा में सात दिवसीय बुद्ध कथा को बतौर मुख्य अतिथि शिशुपाल मौर्य ने फीता काटकर शुरू कराया। इस दौरान ब्रजराम मौर्य, मुकेश कुमार मौर्य, यादराम मौर्य मौजूद रहे। शिशुपाल मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम गंगापुर की पावन मिट्टी को नमन करता हूं, और आयोजक मण्डल को धन्यवाद देता हूं कि आपने विश्व को शान्ति का संदेश देने वाले बुद्ध की कथा का आयोजन करके क्षेत्र की जनता को उनके बारे में बताने का प्रयास किया है वह सराहनीय हैं। लोग बुद्ध की कथा से प्रेरणा लेकर, शांति और सद्भावना, करुणा, प्रेम और वात्सल्य रूपी संदेश का पालन करेंगे। राजेश मौर्य व्यवस्थापक, सर्वेश शाक्य कोषाध्यक्ष मौर्य विकास संस्था, प्रेम प्रकाश मौर्य प्रबंधक प्रकाश मॉडल इंटर कालेज आदि ने भी अपने विचार रखे।

### महिला ने देवर पर दर्ज कराई छेड़छाड़ की रिपोर्ट

मीरगंज, अमृत विचार : एक महिला ने कोर्ट के आदेश पर देवर पर दुष्कर्म और ससुरालियों पर मारपीट और जान से मारने की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उसके देवर ने तीन दिसंबर की रात दुष्कर्म किया, जब उसने इसकी शिकायत ससुराल वालों से की तो उन लोगों ने देवर का पक्ष लेकर उसके साथ मारपीट की। उस पर पेट्रोल छिड़ककर जलाने की कोशिश की, पड़ोसियों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने पति पर भी अप्राकृति संबंध बनाने का आरोप लगाया। पीड़िता ने बताया कि पहले उसने स्थानीय थाने में शिकायत की तो उसकी सुनवाई नहीं हुई इसके बाद उसने एसएसपी से शिकायत की इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो उसने कोर्ट की शरण ली, कोर्ट के आदेश पर मीरगंज पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की।

### बच्चों ने धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण



बरेली, अमृत विचार : मानपुर चिकटिया स्थित पीएम श्री कंपोजिट स्कूल के बच्चों ने शुक्रवार को मनौना धाम, रामनगर किला और अहिछत्र का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों को सभी स्थानों का महत्व और उनका इतिहास बताया गया। बच्चे रामनगर स्थित जैन मंदिर और गुलड़िया के गौरी शंकर मंदिर भी गए। प्रधानाचार्य ओमेंद्र पाल सिंह, विनोद कुमार, अशोक गुर्जर, रेखा रानी, मीनाक्षी, अनुराधा ठाकुर, देवेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### हाईवे पर जानवर से टकराकर बाइक सवार घायल

फ़तेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर बाइक सवार युवक जंगली सुअर से टकराकर घायल हो गया। गुरुवार रात बरेली से रामपुर की और जाते समय बेगुल नदी के पास बाइक सवार गिरीश कुमार निवासी ग्राम खिरका थाना फतेहगंज पश्चिमी रोड पर जंगली सुअर से टकरा गया, जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

## महिला ने फोन पर अश्लील बातें करने का लगाया आरोप

आंवला, अमृत विचार: एक महिला ने एक युवक पर मोबाइल पर अश्लील बाते करने और संबंध बनाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। महिला ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि एक युवक उसके मोबाइल पर रात अथवा दिन में फोन करके अश्लील बातें करता है। कभी मार्केट में जाने पर संबंध बनाने को कहता है, नहीं बनाने पर उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लेने की धमकी देता है। महिला ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैंने अपने पुत्र मो. आज़म और उसकी पत्नी नगमा के उत्पीड़न एवं दुर्व्यवहार से तंग आकर व परेशान होकर मो. आज़म और नगमा से सम्बन्ध विच्छेद करके इन दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यह दोनों अपने अच्छे बुरे कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मो. आजाद पुत्र मो. नवी निवासी मोहल्ला नवादा शेखान थाना बारादरी, बरेली**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

